BULANDSHAHR POLICE

दिनांक- 29 फरवरी 2024

अपमिश्रित शराब व मादक पदार्थ आदि से सम्बन्धित अपराधों में संलिप्त रही महिलाओं की काउंसलिंग करायी गयी।

अवगत कराना हैं कि जिलाधिकारी श्री चन्द्र प्रकाश सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार के आदेशानुसार सीडीओ श्री कुलदीप मीणा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध डॉ0 राकेश कुमार मिश्र, जॉइंट मजिस्ट्रेट दिव्या मिश्रा, जॉइंट मजिस्ट्रेट श्री प्रफुल्ल कुमार द्वारा आज दिनांक 29-02-2024 को जनपद में अपमिश्रित शराब व मादक पदार्थ आदि से सम्बन्धित अपराधों में संलिप्त रही 02 दर्जन महिलाओं को जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र से रिजर्व पुलिस लाइन बुलन्दशहर में बुलाकर काउंसलिंग करायी गयी। इस दौरान उन्हें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्र शहरी आजीविका मिशन व अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर समूह बनाकर लघु/छोटे उद्योग प्रारम्भ करने हेतु अभिप्रेरित किया गया तथा इस दौरान स्वयं सहायता समूह की बहनों द्वारा स्टॉल लगाकर उन्हें विभिन्न प्रकार के लघु/छोटे उद्योग के निर्माण संबंधित प्रारंभिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस काउंसलिंग का मुख्य उद्देश्य है कि इन महिलाओं सहित समाज की अन्य महिलाएं अपनी किसी व्यक्तिगत परेशानी के कारण गैर कानूनी कार्यो की तरफ उन्मुख न हो, इसलिए उन्हें जागरुक व आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है।

मीडिया सेल बुलंदशहर